an>

Title: Need to open a Passport Office in Kota district of Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय सभापति महोदय, राजस्थान सहित पूरे देश के अंदर पिछले तीन महीनों से पासपोर्ट की बुकलेट प्रिंट नहीं होने के कारण पासपोर्ट का वैरिफिकेशन होने के बाद भी पासपोर्ट के रीन्युअल के लिए भी पिछले एक महीने से विदेश जाने वाले लोग पासपोर्ट के लिए तरस रहे हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि किसी के पिता बीमार हैं, किसी के बच्चे का एडमिशन होना था, किसी को गम्भीरता से जाना था। लेकिन एक महीना हो गया है और पूर्ववर्ती सरकार ने इटली की एक कंपनी को माईक्रोचिप बनाने का आदेश दिया था और वह माईक्रोचिप फेल होने के कारण न तो माईक्रोचिप बन पाया, न बुकलेट छप पाई। जिसके कारण विदेश जाने वाले लोग, पिछले एक महीने से पासपोर्ट ऑफिस में चक्कर काट रहे हैं।

सभापति महोदय, सरकार से मेरा निवेदन है कि तत्काल कार्यवाही कर के पासपोर्ट की बुकलेट छपाएं और कोटा के अंदर पासपोर्ट ऑफिस खोलने की कार्यवाही करें क्योंकि कोटा राजस्थान का वह शहर है, जहां एक लाख विद्यार्थी पढ़ता है। जहां से पासपोर्ट ऑफिस की दूरी 250-350 किलोमीटर है। इसलिए मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि पासपोर्ट की बुकलेट छपवाएं और जल्द से जल्द कोटा में पासपोर्ट सेवा केंद्र की शुरूआत करवाएं।

माननीय सभापति :

श्री अनुराग सिंह ठाकुर,

श्री अर्जुन राम मेघवाल एवं

श्री पी.पी.चौधरी स्वयं को श्री ओम बिरला के विषय के साथ संबद्ध करते हैं।